कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर

पत्रांक 1654 / 14-1 दिनॉक कानपुर दिसम्बर 05-2016

सेवा में,

श्री आर0एल0सिंह
जनरल मैनेजर साउथ ईस्ट यू0पी0 पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लि0
शालीमार टाइटेनियम 601, 602 6 वॉ तल
विभूतिखण्ड गोमती नगर
लखनऊ

विषयः– 765 के0वी0 एस/सी मैनपुरी– उन्नाव ट्रान्समिशन लाइन निर्माण के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ– प्रस्ताव संख्या FP/UP/TRANS/21539/2016 के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक से सम्बन्धित सन्दर्भित प्रस्ताव FP/UP/TRANS/21539/2016 की हार्ड कॉपी जो आप द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है। जिसके अवलोकन से निम्न कमियां पायी गयी है। कमियों का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

1. प्रस्ताव में विषय सूची नही बनायी गयी है। बनाकर संलग्न की जाये।
2. प्रस्ताव में पृष्ठ संख्या अंकित नही किये गये है। पृष्ठ संख्या अंकित किये जाये।
3. प्रभावित आरक्षित/संरक्षित भूमि की गणना त्रुटिपूर्ण है। सही कर संलग्न किया जाये।
4. प्रभावित वृक्षों की सूची त्रुटिपूर्ण है। वैज्ञानिक नाम अंकित नही किये गये है। तथा सूची से प्रभावित कुल वृक्षों की संख्या ज्ञात नही हो रही है। इसको ठीक कर संलग्न करें।
5. वनाधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत जिलाधिकारी से हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र संलग्न नही है। संलग्न किया जाये।
6. प्रभावित संरक्षित/आरक्षित वन भूमि के स्वामित्व वाले विभाग (एन0एच0ए0आई0) लोक निर्माण विभाग, सिचाई विभाग, रेल विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न नही है। संलग्न किया जाये।
7. प्रस्ताव में मानक शर्ते संलग्न नही है। संलग्न की जाये।
8. प्रस्ताव में लागत लाभ विशलेषण संलग्न नही है। संलग्न किया जाये।

उपरोक्त कमियों को पूर्ण कर प्रस्ताव पुनः प्रेषित किये जाने हेतु अपने किसी प्रतिनिधि को भेजकर प्रस्ताव की प्रतियां इस कार्यालय को भेजकर प्रस्ताव की प्रतियां प्राप्त करा लें।

भवदीय

(signature)

(एस0एस0श्रीवास्तव)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
कानपुर

पत्रांक* 1654 / *समदिनांकित

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक कानपुर मण्डल कानपुर को सूचनार्थ प्रेंषित।

(signature)

(एस0एस0श्रीवास्तव)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
कानपुर